राजकीय (स्नातक) महाविद्यालय तलवाड़ी–थराली, चमोली, उत्तराखण्ड

आज दिनांक 29.11.2019, दिन शुक्रवार राजकीय महाविद्यालय तलवाड़ी–थराली, चमोली में "उच्च शिक्षा में गुणवत्ता उन्नयन एवं नवाचार" के विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि माननीय विधायिका श्रीमती मुन्नी देवी शाह, विधान सभा क्षेत्र थराली, विशिष्ट अतिथि डॉ0 कुलदीप सिंह नेगी उप निदेशक, उच्च शिक्षा निदेशालय उत्तराखण्ड, हल्द्वानी (नैनीताल) उपस्थित रहें।

कार्यक्रम में सुबह सर्वप्रथम प्रभारी प्राचार्य श्री प्रवेश कुमार के द्वारा महाविद्यालय का परिचय दिया गया इनके पश्चात प्रथम वक्ता श्री अनुराग पाण्डेय द्वारा महाविद्यालय के उपलब्धियॉ एवं विकास कार्यो के बारे में वकत्वय दिया गया द्वितीय वक्ता श्री सोमेश पाटनी द्वारा उच्च शिक्षा में गुणवत्ता, नवाचार एवं नई शिक्षा नीति (2019) के संबंध में संबोधन दिया गया। तृतीय वक्ता डॉ0 प्रतिभा आर्य के द्वारा नैक प्रत्यानयन में सुधार के संबंध में विचार रखें। इसके पश्चात कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ0 कुलदीप सिंह नेगी द्वारा संगोष्ठी में निम्नलिखित बिन्दुओं पर चर्चा की 1–महाविद्यालय में 180 दिन का शैक्षणिक सत्र। 2–75 प्रतिशत छात्रों की उपस्थिति। 3– क्लीन कैम्पस/ग्रीन कैम्पस 4– स्कील इंडिया/डिजीटल इंडिया। 5– नैक प्रत्यानयन में सुधार। 6 – उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार। 7 – पुस्तक दान योजना। संगोष्ठी में पी0टी0ए0 अध्यक्ष एवं छात्रसंघ अध्यक्ष के द्वारा भी अपना वक्तवय दिया गया। कार्यक्रम के दौरान अंतिम सत्र में छात्र/छात्रों एवं अभिभावकों द्वारा उपनिदेशक से सीधे प्रश्नोत्तर किया गया। अन्त में प्रभारी प्राचार्य द्वारा धन्यवाद प्रस्तावा ज्ञापित कर राष्ट्रगान कर कार्यक्रम सम्पन्न किया गया।

29/11/19

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय तलवाड़ी–थराली
चमोली